# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर दुर्गापुरा, जयपुर– 302018

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in Tel. : 0141-2552796

क्रमांकः प.14(149)RSSB/अर्थना/प्रयो. सहायक/ संयुक्त भर्ती/2025/ दिनांक : यथाहस्ताक्षर

**संक्षिप्त विज्ञापन**

## विज्ञापन सं. 05/2026

## प्रयोगशाला सहायक एवं कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2026

राजस्थान सरकार के निम्नलिखित विभागों के लिये सम्बन्धित सेवा नियमों यथा संशोधन एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम– 2014 के अन्तर्गत **प्रयोगशाला सहायक एवं कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के कुल 804** पदों पर भर्ती हेतु निर्धारित प्रपत्र मे राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा योग्य अभ्यर्थियों से विज्ञापन में वर्णित शर्तो एवं निर्बन्धनों के अध्यधीन ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क्र. सं. | विभाग का नाम | भर्ती सेवा नियम/उपविधियॉ जिनके तहत पदों की भर्ती की जानी है | पद का नाम | गैर अनुसूचित क्षेत्र | अनुसूचित क्षेत्र | कुल पद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | माध्यमिक शिक्षा विभाग | राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम –2021 यथा संशोधन | प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–III | 418 | 82 | 500 |
| 2. | कृषि विभाग, | राजस्थान कृषि अधीनस्थ सेवा नियम–1978 एवं यथा संशोधन | प्रयोगशाला सहायक | 32 | – | 32 |
| 3. | संस्कृत शिक्षा विभाग | राजस्थान संस्कृत शिक्षा राज्य एवं अधीनस्थ सेवा (विद्यालय शाखा) नियम– 2015 यथा संशोधन | प्रयोगशाला सहायक | 16 | 01 | 17 |
| 4. | राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला | राजस्थान फोरेंसिक विज्ञान अधीनस्थ सेवा नियम, 1980 यथा संशोधन | प्रयोगशाला सहायक(फोटो के अलावा ) | 31 | – | 31 |
| | | | प्रयोगशाला सहायक(फोटो) | 02 | – | 02 |
| | | | कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक | 68 | – | 68 |
| 5. | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग | राजस्थान अभियांत्रिकी अधीनस्थ सेवा (जन स्वास्थ्य शाखा) नियम, 1967 यथा संशोधन | कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक | 13 | 05 | 18 |
| 6. | आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा विभाग | राजस्थान अधीनस्थ सेवा (भर्ती और सेवा की अन्य शर्ते) नियम 2001 | प्रयोगशाला सहायक (भूगोल) | 117 | 19 | 136 |
| | | योग | | 697 | 107 | 804 |

**( i ) माध्यमिक शिक्षा विभाग हेतुः–**

(a) अनिवार्य योग्यताः– राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम–2021 की अनुसूची–II अधीनस्थ सेवा पद के समूह कः अध्यापन विंग के तहत वैकल्पिक विषयों के रूप में निम्नलिखित विषयों में से कम से कम तीन विषयों के साथ सीनियर सैकण्डरीः– सूक्ष्मजीव–विज्ञान, जैव–प्रौद्योगिकी, जैव–रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित।

(b) अधिमान्य योग्यताः– देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान

**( ii ) कृषि विभाग हेतुः–**

किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से विज्ञान के साथ हायर सैकेण्डरी या विज्ञान के साथ सीनियर हायर सैकेण्डरी

**(iii) संस्कृत शिक्षा विभाग हेतुः–**

सीनियर सैकेण्डरी या हायर सैकेण्डरी/वरिष्ठ उपाध्याय विज्ञान वैकल्पिक विषय के साथ

Signature Not Verified

Digitally signed by Preeti Mathur
Designation : Secretary
Date: 2026.01.23 19:37:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20103121

**(iv) गृह विभाग (राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला) हेतुः–**

(अ) विज्ञान विषय के साथ द्वितीय श्रेणी में सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण अथवा सरकार द्वारा घोषित समकक्ष परीक्षा

एवं

(ब) कम्प्यूटर साईन्स/कम्प्यूटर ऐप्लिकेशन में सर्टिफिकेट/डिप्लोमा, या कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर ऐप्लिकेशन में से कम से कम एक विषय के साथ भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय या राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अधिकृत संस्थान से प्राप्त डिग्री।

अथवा

'ओ' लेवल या इससे उच्चतर एनआईइएलआईटी (पूर्व डीओईएसीसी सोसायटी), नई दिल्ली से प्राप्त सर्टिफिकेट कोर्स

अथवा

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा संचालित इन्फोरमेशन टेक्नॉलोजी में राजस्थान स्टेट सर्टिफिकेट कोर्स (आर.एस.सी.आई.टी.)

* राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला हेतु उक्त पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता प्रयोगशाला सहायक (फोटो), प्रयोगशाला सहायक (फोटो के अलावा) एवं कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के पदों हेतु समान है।

**(v) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हेतुः–**

किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान के साथ उच्च माध्यमिक या उसके समतुल्य परीक्षा

**(vi) कॉलेज शिक्षा विभाग हेतुः–**

मान्यता प्राप्त बोर्ड द्वारा सीनियर सैकेण्डरी(भुगोल विषय सहित)

**ऑनलाईन आवेदन व पंजीयन शुल्क भरने की अवधि :–** ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं पंजीयन शुल्क दिनांक **27.01.2026** से दिनांक **25.02.2026 रात्रि 23.59 बजे** तक भरे जा सकेंगे। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम दिनांक का इन्तजार किये बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

**परीक्षा आयोजनः–** बोर्ड द्वारा प्रयोगशाला सहायक/कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के उक्त पदों पर भर्ती परीक्षा दिनांक **09.05.2026** एवं **10.05.2026** को आयोजित करवाई जानी प्रस्तावित है। परीक्षा की दिनांक एवं स्थान में परिवर्तन करने का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित है।

बोर्ड द्वारा एक से अधिक चरणों में किसी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा तो उसमें सामान्यीकरण (Normalization) की प्रकिया अपनाई जाएगी।

**अन्य बिन्दु व सूचना** :–पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, पदों का वर्गीकरण, आयु में छूट के प्रावधान, परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में बोर्ड़ की वेबसाईट rssb.rajasthan.gov.inपर अलग से जारी की जावेगी।

इस परीक्षा के संबंध में समय–समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड़, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141–2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड़, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 को सम्बोधित किया जावें।

**नोटः– बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।**

**सचिव**

क्रमांकः प.14(149)RSSB/अर्थना/प्रयो. सहायक/ संयुक्त भर्ती/2025/ दिनांक : यथाहस्ताक्षर

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, राजस्थान जयपुर को बोर्ड की संक्षिप्त विज्ञप्ति की प्रति प्रेषित कर निवेदन है कि इस विज्ञप्ति को लोकप्रिय/सर्वाधिक प्रचलित समाचार पत्रों के राजस्थान राज्य के दिनांक 25.01.2026 के दैनिक संस्करण में प्रकाशित करवाकर बिल भुगतान हेतु बोर्ड कार्यालय को भिजवाए जाने का श्रम करावें।
2. प्रभारी अधिकारी, आई.टी. अनुभाग, RSSB, जयपुर को भेज कर लेख है कि उक्त सूचना बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करवाऐं।

**सचिव**

Signature Not Verified

Digitally signed by Preeti Mathur
Designation : Secretary
Date: 2026.01.23 19:37:04 IST
Reason: Approved

**RajKaj Ref No.: 20103121**